हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 246 कानपुर, रविवार 4 सितंबर 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## नालों से गंगा व पांडु नदी में गंदगी जाने पर नगर निगम पर 70 लाख का जुर्माना

## पीएम मोदी ने शेयर किया शानदार वीडियो, लिखा- गर्व की भावना को शब्दों में बयां नहीं कर सकता

आईएनएस विक्रांत के आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो आईएनएस विक्रांत की कमीशनिंग सेरेमनी की झलकियों का है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे और उन्होंने देश को पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन! जब मैं कल आईएनएस विक्रांत पर सवार था तो उस गर्व की भावना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। पीएम मोदी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कमीशनिंग सेरेमनी की झलकियां हैं। यह वीडियो भारतीय नौसेना के अदम्य साहस, अद्भुत विरासत और अतुलनीय पराक्रम से भरा है। दो मिनट 52 सेकंड के वीडियो में कार्यक्रम की सभी यादों को संजोया गया है। आईएनएस विक्रांत को देश को समर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है, यह 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आजादी के आंदोलन में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस सक्षम, समर्थ और शक्तिशाली भारत का सपना देखा था। उसकी जीती जागती तस्वीर विक्रांत है। अगर समंदर और चुनौतियां अनंत हैं तो भारत का उत्तर है–विक्रांत। आजादी के अमृत महोत्सव का अतुलनीय योगदान है–विक्रांत। सबसे पहली और गौर करने वाली बात यह है कि भारत में बने आईएनएस विक्रांत में इस्तेमाल सभी चीजें स्वदेशी नहीं हैं। यानी कुछ कलपुर्जे विदेशों से भी मंगाए गए हैं। हालांकि, नौसेना के मुताबिक, पूरे प्रोजेक्ट का 76 फीसदी हिस्सा देश में मौजूद



संसाधनों से बना है। विक्रांत के निर्माण के लिए जरूरी युद्धपोत स्तर की स्टील को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया से तैयार करवाया गया। इस स्टील को तैयार करने में भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला की भी मदद ली गई। बताया गया है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पास अब युद्धपोत स्तर की स्टील बनाने की जो क्षमता है, वह आगे देश में काफी मदद करेगी। नौसेना के मुताबिक, इस युद्धपोत की जो चीजें स्वदेशी हैं, उनमें 23 हजार टन स्टील, 2.5 हजार टन स्टील, 2500 किलोमीटर इलेक्ट्रिक केबल, 150 किमी के बराबर पाइप और 2000 वॉल्व शामिल हैं। इसके अलावा एयरक्राफ्ट कैरियर में शामिल हल बोट्स, एयर कंडीशनिंग से लेकर रेफ्रिजरेशन प्लांट्स और स्टेयरिंग से जुड़े कलपुर्जे देश में ही बने हैं।

## अमित शाह बोले- केरल से कांग्रेस हो रही गायब, भाजपा है केरल का भविष्य

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम में मत्स्यफेड सहकारी, मछुआरा समुदाय के कल्याण की दिशा में काम करने वाली एक सहकारी समिति का दौरा किया। तिरुवनंतपुरम में बीजेपी एससी सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं केरल बीजेपी के कार्यकर्ताओं को बहुत–बहुत बधाई देता हूं क्योंकि पूरे देशभर में बीजेपी को काम करने के लिए सिर्फ राष्ट्रभक्ति चाहिए, लेकिन केरल में काम करने के लिए राष्ट्रभक्ति और बलिदान करने की ताकत और बहादुरी तीनों चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर से कांग्रेस धीरे–धीरे गायब हो रही है और पूरी दुनिया से कम्युनिस्ट पार्टी गायब हो रही है और अगर केरल में राजनीतिक भविष्य है तो केवल भाजपा का राजनीतिक भविष्य है।




कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्टों ने कभी भी अनुसूचित जनजातियों और गरीबों के कल्याण के लिए काम नहीं किया। उन्होंने उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में माना। उन्होंने कहा कि जब हमने केंद्र में पूर्ण बहुमत और जनता के अपार प्यार से सरकार बनाई, तो हमने दलित रामनाथ कोविंद को देश का राष्ट्रपति बनाया। अपने दूसरे कार्यकाल में हमने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने में मदद की। बाबा साहेब को कांग्रेस के शासनकाल में भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया था। उनकी याद में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पंच तीर्थ का निर्माण कराया।

## जेपी नड्डा ने मनसा देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना, बीजेपी नेताओं से हुई मुलाकात

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के पंचकूला मनसा देवी मंदिर पहुंचे। मंदिर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने माता के सामने माथा टेका और पूजा–अर्चना की। इस दौरान उनके साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, बीजेपी प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सांसद सुनिता दुग्गल और बीजेपी महिला मोर्चा राष्ट्रीय कोषाअध्यक्ष लतिका शर्मा, सांसद रतनलाल कटारिया और कुलभूषण गोयल भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के दो दिवसीय दौरे पर है। हरियाणा दौरे पर भाजपा नेता जेपी नड्डा ने शुक्रवार को प्रदेश के बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेहद अच्छा काम कर रही है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य जनता की सेवा करना है। जो कमियां मिलेंगी उसे दूर करने की कोशिश की जाएगी। हरियाणा में कोर कमेटी की बैठक में जेपी नड्डा ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चलाई जा रही




योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की कोशिश जारी है। कई ऐसी योजनाएं हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर पहली दफा शुरू की है। ऐसे में इन योजनाओं को इसे जनता तक पहुंचाना ही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। जेपी नड्डा ने हरियाणा पंचायत चुनावों को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावों के मद्देनजर फिल्ड में उतरने की बात कही। बैठक में उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ काम करने के निर्देश भी दिए। बता दें कि पंचकूला में बीजेपी की हुई इस बैठक में कई अहम मुददों पर चर्चा की गई। ये बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित हुई थी। बैठक में सीएम मनोहर लाल खट्टर भी उपस्थित रहे। इस दौरान हरियाणा आदमपुर उपचुनाव पर मुख्य जोर दिया गया। बैठक में शामिल सभी कार्यकर्ताओं ने उपचुनाव में बीजेपी की जीत का आश्वासन दिया।

## मुख्यमंत्री योगी ने किया 235 करोड रुपये की 116 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, जय श्रीराम से गूंजा जनसभा स्थल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से मुरादाबाद मंडल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। शनिवार को सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद पहुंचे। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैलीकॉप्टर से बिजनौर की नई पुलिस लाइन में उतरे। जहां से सीएम योगी मालन नदी तट पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मालन नदी पर सबसे पहले दूध और फूलों से पूजन किया। इसके बाद सीएम योगी नई पुलिस लाइन पहुंचे। जहां उन्होंने नई पुलिस लाइन का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने नई पुलिस लाइन की बैरक, कक्षों का निरीक्षण भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा स्थल पर पहुंचे। जहां पर सीएम ने किया 235 करोड़ रुपये की 116 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जनसभा स्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का अभिभावदन किया तो सभा स्थल जय श्रीराम उद्घोष गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम मंच से बटन दबाकर बिजनौर जिले को 235 करोड़ रुपये की 116 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर जिले की जनता को सौगात दी। उसके बाद मुख्यमंत्री ने आवास योजना के लाभार्थियों को मकान की चॉबी सौंपी। सीएम योगी ने कहा कि यहां का इतिहास मालन नदी को जोड़ता है। यह भारत की नदी सांस्कृति से जुड़ी है। हर नदी का परोउद्घार करना है। जो कि सभी का अधिकार है। इसके बाद उन्होंने मालन नदी के इतिहास पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 6. 15 बजे बिजनौर की पुरानी पुलिस लाइन में पहुंचें। इसके बाद उन्होंने कलक्ट्रेट में महात्मा विदुर सभागार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के संग बैठक कर उनकी समस्याओं को जाना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज



बिजनौर के लोनिवि के निरीक्षण भवन में ही रात्रि प्रवास करेंगे। इसके बाद वह रविवार चार सितंबर पुरानी पुलिस लाइन से मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां पर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करेंगे इसके बाद मेडिकल कॉलेज के हेलीपैड से रामपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं से बोले केजरीवाल– पेमेंट वहीं से लो, काम हमारे लिए करो

गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। इस बार अपने दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केजरीवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में करने के लिए खास अपील की। दो दिवसीय गुजरात दौरे के अंतिम दिन केजरीवाल ने कहा, हमें भाजपा के बड़े–बड़े नेता नहीं चाहिए। हमें उनके पन्ना प्रमुख, कार्यकर्ता चाहिए। उन्होंने कहा, आप सभी लोग भाजपा में ही रहो। भाजपा पेमेंट करती है, पेमेंट उनसे लो, लेकिन काम हमारे लिए करो। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। केजरीवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं एहसान फरामोश नहीं हूं। आप सभी की सभी मांगों को एक महीने के अंदर पूरा करूंगा।



इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी मनोज सोराठिया पर हमले को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा, ये गुजरात और हिंदू संस्कार नहीं हैं।

उन्होंने भाजपा पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा, उन्हें अपनी हार दिखाई दे रही है, इस कारण हमले हो रहे हैं, लेकिन हम डरते नहीं हैं। हमें संयम रखना है। जब चुनाव होगा तो हमें बटन दबाकर अपना गुस्सा जाहिर करना होगा।उन्होंने कहा, हम कांग्रेस नहीं हैं। इसलिए अपने तौर तरीके बदल लो, हम डरने वाले लोग नहीं हैं। हम सरदार पटेल को मानने वाले लोग हैं। केजरीवाल ने कहा, हमने एक सर्वे कराया है। इसमें सूरत की 12 में से सात सीटें आम आदमी पार्टी जीतने वाली है। उन्होंने कहा, वक्त कम है, इसलिए आप सभी अपने–अपने स्तर पर प्रचार करो। उन्होंने कहा, 27 साल तक भाजपा ने कर्मचारियों के लिए कुछ नहीं किया। चुनाव के तीन महीने पहले फिर से इन्हें लॉलीपाप देंगे।

## नीतीश बोले- विधायकों को तोड़ रही है भाजपा, ललन सिंह ने राजनीतिक खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मणिपुर में जदयू विधायकों के भाजपा में शामिल होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब हम एनडीए से अलग हुए, तो मणिपुर के हमारे सभी छह विधायक आए और हमसे मिले और हमें आश्वासन दिया कि वे जदयू के साथ हैं। हमें यह सोचने की जरूरत है कि क्या हो रहा है। वे विधायकों को पार्टियों से तोड़ रहे हैं, है न? क्या यह संवैधानिक है? विपक्ष 2024 के चुनाव के लिए एकजुट होगा। जदयू प्रमुख राजीव रंजन ललन सिंह ने भी मणिपुर में जनता दल यूनाइटेड के विधायक के भाजपा में शामिल होने के मामले में राजनीतिक खरीद–फरोख्त का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि विलय भाजपा द्वारा धन बल का उपयोग करके किया गया। जदयू प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ,भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल करके किया। पीएम के लिए विपक्षी दलों का साथ आना भ्रष्टाचार है। वे जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन जद (यू) करेगा। 2023 तक एक राष्ट्रीय पार्टी बनें। जदयू प्रमुख ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश में जदयू के विधायकों ने सात सीटें जीतीं, जबकि मणिपुर में विधायकों ने भाजपा को हराकर छह सीटें जीतीं। जदयू 2023 में एक राष्ट्रीय पार्टी बन जाएगी, चाहे भारतीय जनता पार्टी इसे रोकने की कितनी भी कोशिश कर ले। राजीव रंजन ललन सिंह ने यह भी कहा कि 2020 में भाजपा के विधायकों ने गठबंधन का धर्म नहीं निभाया और मणिपुर में विधायकों को तोड़ने के लिए धनबल का इस्तेमाल किया गया। जदयू प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार और सदाचार की परिभाषा बदल रहे हैं। एक भ्रष्ट व्यक्ति भाजपा में शामिल होने के बाद साफ–सुथरा हो जाता है। ललन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार और सदाचार की परिभाषा बदल रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री धन बल का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो यह एक गुण है। यदि विपक्षी दल एक मंच पर आ रहा है, तो भ्रष्टाचार है। ललन सिंह ने कहा कि भाजपा को जद(यू) के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है, उन्हें इसके बजाय 2024 के बारे में चिंता करनी चाहिए, जब भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। मणिपुर विधानसभा सचिवालय




के एक बयान के अनुसार, जनता दल (यूनाइटेड) के पांच विधायक जद (यू) के विधायकों का शुक्रवार को भाजपा में विलय हो गया। भाजपा में विलय संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत किया गया है। इस बीच बिहार विधान परिषद जदयू के सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी को नष्ट करने की कोशिश के लिए भाजपा पर कटाक्ष किया। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हम कह रहे थे कि बीजेपी लगातार हमारी पार्टी को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। हमने एनडीए के साथ रहते हुए इसे महसूस किया और आज यह साबित हो गया है। आज हम उनके खिलाफ हैं इसलिए उनके हमले बढ़ेंगे, लेकिन हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं। ललन सिंह ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश और दिल्ली में सरकार बदलने की कोशिश करती है और इसका प्रभाव देश में दिखाई दे रहा है। इस तरह की कार्रवाई से पता चलता है कि भाजपा 2024 को लेकर घबराहट में है। इससे पहले 18 अगस्त को जदयू के पूर्व अध्यक्ष आरसीपी सिंह को भाजपा का एजेंट बताकर पार्टी प्रमुख के पद से निष्कासित कर दिया गया था। जदयू प्रमुख राजीव रंजन ललन सिंह ने कहा कि आरसीपी सिंह ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की, वह पहले से ही भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। जो कोई भी जद(यू) के अस्तित्व को खत्म करने की बात करेगा, वह अपना अस्तित्व खो देगा।

# सम्पादकीय

## एक खतरनाक प्रवृत्ति है फिल्मों का बहिष्कार

मनोरंजन मनुष्य की बुनियादी जरूरतों में है. कोई भी बॉलीवुड या सिनेमा का लगातार बहिष्कार करता नहीं रह सकता. आप भले सार्वजनिक रूप से बहिष्कार की बात करें, पर आपके मोबाइल या टीवी पर जब फिल्म आयेगी, तब आप उसे देखेंगे. सार्वजनिक रूप से कुछ कहना और व्यक्तिगत रूप से कुछ करना हमारे लिए अक्सर अलग–अलग मामला हो जाते हैं. मेरी राय यह है कि बहिष्कार के नये चलन से बहुत अधिक प्रभावित होने की जरूरत नहीं है. सिनेमा उद्योग से जुड़े होने और एक पेशेवर होने के नाते मुझे लगता है कि हमें अपनी कहानियों पर, कला पर और शिल्प पर काम करने की जरूरत है. हम जो गलतियां करते हैं, वे ये हैं कि हम दक्षिण के सौंदर्यबोध को अपनाने की होड़ में लग जाते हैं. हमें लगता है कि वे फिल्में उधर चल रही हैं, तो इधर भी चलेंगी. दक्षिण भारत में आज जो व्यावसायिक फिल्में बन रही हैं, वे सत्तर के दशक में बॉलीवुड बना चुका है. जो अमिताभ बच्चन का 'एंग्री यंग मैन' लुक था, वही आज केजीएफ जैसी फिल्मों का है. हमें अपने सिनेमा और मूल मनोभावों को पकड़ने की जरूरत है. बॉलीवुड रिमेक बना कर या दूसरे सिनेमा की नकल कर कहीं नहीं पहुंच सकता है. हम दक्षिण का रिमेक बनाते हैं, हॉलीवुड का रिमेक बनाते हैं, हम कोरियाई सिनेमा का रिमेक बनाते हैं. हर दूसरे हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्म के बारे में पता चलता है कि यह रिमेक है, तो यह दुखद स्थिति है. इसका मतलब है कि हम अपनी ही कहानियों पर फोकस नहीं कर रहे हैं. बहिष्कार का असर कोई खास नहीं होता, फिल्म खराब होगी, तो नहीं चलेगी. भूलभूलैया भी तो बॉलीवुड की ही फिल्म है, वह तो कामयाब रही. यह समझना होगा कि लोग सिनेमाघरों में जाने से कतरा रहे हैं. उनके पास फिल्में देखने या मनोरंजन करने के वैकल्पिक माध्यम हैं. कोविड महामारी ने इस स्थिति को और आगे बढ़ा दिया है. ऐसे में आपको ऐसी कहानी लानी पड़ेगी, जिसके लिए दर्शक कहे कि वह चार–छह हफ्ते का इंतजार नहीं कर सकता, जब यह फिल्म ओटीटी पर आयेगी और वह सिनेमाघर में जाकर सिनेमा देखे. जब बाहुबली आयी थी, तब एक ट्रेंड बन गया था कि लोग एक–दूसरे से पूछते थे कि आपने बाहुबली देखी या नहीं. तो, बॉलीवुड को सिनेमा में कहानी का जादू रचना होगा और उसे नकल छोड़नी होगी. यह देश बहुत बड़ा है और यहां अलग–अलग पहचान हैं, समुदाय हैं. बहिष्कार का मसला खड़ा करने वाले बहुत कम लोग हैं. इस देश की जड़ें इतनी गहरी हैं कि बहिष्कार की नकारात्मक और हिंसक प्रवृत्ति कोई विशेष प्रभाव लंबे समय के लिए नहीं छोड़ सकती है. ऐसे लोग बॉलीवुड के बारे में रत्ती भर भी नहीं जानते हैं. वे यह नहीं जानते कि आमिर खान की फिल्म केवल आमिर खान की फिल्म नहीं है. एक सिनेमा के पीछे कम–से–कम ढाई–तीन साल की मेहनत होती है. राजू हिरानी अपनी फिल्म पर पांच–छह साल काम करते हैं. एक फिल्म के निर्माण में बहुत बड़ी संख्या में स्टाफ, टेक्नीशियन, कलाकार आदि शामिल होते हैं. इस उद्योग में पूरे देश से विभिन्न समुदायों और सामाजिक वर्गों के लोग हैं. मेरा अपना अनुभव है कि बॉलीवुड में आपकी पहचान आपकी जाति, धर्म या क्षेत्र से नहीं होती. कोई नहीं पूछता कि तुम कहां से आये हो या तुम्हारी जाति क्या है. आपकी पहचान आपके काम से होती है– यह लेखक है, यह गायक है, यह कैमरा कर रहा है. अगर वहां ऐसा भेदभाव होता, तो फिर नवाजुद्दीन सिद्दीकी को तो सड़क पर होना चाहिए था, मेरे जैसे व्यक्ति को किसी लोकल बस में ड्राइवर हो जाना चाहिए था, लेकिन हम अलग–अलग जगहों से आते हैं और हमें प्यार मिलता है.

बहिष्कार करते रहने वालों को यह समझना होगा कि बॉलीवुड कोई चार चेहरों का नाम नहीं है. वे भी एक हिस्सा हैं. जब आप सेट पर होते हैं, तो सभी कामगार की तरह होते हैं और अपना काम कर रहे होते हैं, चाहे वे अमिताभ बच्चन जैसे लोग क्यों न हों. सभी सामूहिक रूप से एक कलाकृति बनाने की कोशिश करते हैं. इन कोशिशों का बेजा अपमान नहीं होना चाहिए. लोगों के हुनर, उनके काम और उनकी जीविका का सम्मान होना चाहिए. यह बहिष्कार का चलन बनावटी है और इसे हवा देने वालों से यह देश नहीं चलता है. अगर किसी को सचमुच ऐसा लगता है कि उसे बॉलीवुड से नफरत है, तो आत्मपरीक्षण करना चाहिए, अपनी मनरूस्थिति की समीक्षा करनी चाहिए. सौ साल से अधिक समय से चला आ रहा सिनेमा तो बंद नहीं होगा. किसी को फिल्म नहीं देखनी है, न देखे, पर उसे सैकड़ों–हजारों लोगों की मेहनत और उम्मीद पर पानी फेरने का कोई हक नहीं है. सिनेमा कलात्मक प्रतिष्ठान होने के साथ उद्योग भी है, जिससे प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लाखों लोग जुड़े हुए हैं. किसी फिल्म को भावना के नाम पर, किसी संबंधित व्यक्ति के किसी पुराने बयान को आधार बना कर, उसकी पहचान का हवाला देकर फिल्म या फिल्म उद्योग का विरोध करना अनुचित है. यह विरोध समाज में भी नकारात्मक माहौल बनाता है तथा सिनेमा उद्योग के विकास को भी बाधित करता है. ये प्रवृत्ति अधिक नहीं चलेगी, वे भी थक जायेंगे.

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा।

# === सामरिक उपलब्धि ===

स्वदेशी तकनीक से बने विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत के जलावतरण से भारत की सामरिक ताकत और आत्मविश्वास निस्संदेह काफी बढ़ गया है। करीब सोलह सौ सदस्यों वाले चालक दल के लिए तैयार किया गया यह युद्धपोत एक तरह से समुद्र में चलती–फिरती वायु और जलसेना छावनी की तरह काम करेगा। इस पर एक समय में करीब तीस हल्के लड़ाकू विमान और हेलिकाप्टर तैनात किए जा सकेंगे। इस तरह यह देश का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत है। हालांकि अमेरिका, चीन और रूस के पास इससे कुछ अधिक क्षमता वाले पोत हैं, पर विक्रांत के जलावतरण के बाद भारत अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस की कतार में खड़ा हो गया है। भारत के पास एक और विमानवाहक पोत सक्रिय है– विक्रमादित्य। यानी अब भारत के पास दो ऐसे युद्धपोत हो गए हैं। चीन के पास भी इतने ही पोत हैं। विक्रांत के संचालन से इसके जरिए मिग आदि लड़ाकू विमानों को समुद्र में उतारने और उड़ान भरने की सुविधा उपलब्ध होगी। विक्रांत खुद एक युद्धक जलपोत है। इस तरह हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ गई है। स्वाभाविक ही विक्रांत के संचालन से खासकर पाकिस्तान और चीन की चिंता बढ़ गई है। अभी तक हिंद महासागर में चीन का दबदबा बना हुआ था और अपनी सामरिक ताकत के बल पर वह भारत को धौंस देता रहता है। इससे उसका मनोबल कुछ कमजोर होगा। विक्रांत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। इसमें देश की करीब पांच सौ छोटी–बड़ी कंपनियों ने सहयोग दिया। इसके पहले वाला विक्रांत युद्धपोत ब्रिटेन से मंगाया गया था। विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था। इस तरह विक्रांत की सफलता के बाद भारत का स्वदेशी सैन्य साजो–सामान के मामले में आत्मनिर्भर बनने का संकल्प विक्रांत के जलावतरण से साकार होता दिख रहा है। भारत उन देशों में है, जो अपने सैन्य साजो–सामान पर काफी धन खर्च करता है। इसलिए कई देश उससे सैन्य उपकरणों की खरीद आदि के लिए लालायित रहते हैं और इसके मद्देनजर अपने अंतरराष्ट्रीय रिश्तों और रणनीतियों में बदलाव भी करते रहते हैं। कई बार इसी आधार पर वे भारत पर दबाव बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। दरअसल, कई देशों की अर्थव्यवस्था सैन्य साजो–सामान के कारोबार पर निर्भर है। वे बिचौलियों को मोटा कमीशन, घूस आदि देकर लड़ाकू विमान, हेलिकाप्टर, पनडुब्बी, हथियार आदि खरीदने का सौदा कराते रहते हैं। अगर भारत इस मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाता है, तो न सिर्फ इन अड़चनों से मुक्ति मिलेगी, बल्कि वह खुद एक सैन्य साजो–सामान के बाजार में खड़ा हो सकता है। इसका रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। इसलिए भी हथियार बनाने वाले देशों को विक्रांत का जलावतरण खटक रहा होगा।



सबसे बड़ी बात कि विक्रांत की हिंद महासागर में मौजूदगी से चीन का एकाधिकार समाप्त होगा और वह भारत को जब–तब आंखें दिखाने से बचेगा। अभी भारत को हिंद महासागर में सबसे अधिक चुनौती चीन की तरफ से ही मिलती रही है। पाकिस्तान भी उसी की शह पर भारत को उकसाने का प्रयास किया करता था। अब वह ऐसा नहीं कर पाएगा, क्योंकि इस युद्धपोत में पानी के भीतर से आसमान में मार करने वाले अत्याधुनिक हथियार लगे हुए हैं। दुश्मन पनडुब्बियों की टोह लेने में भी आसानी हो गई है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि विक्रांत के आने से हिंद प्रशांत और हिंद महासागर में शांति का वातावरण बनेगा।

# तीस्ता सीतलवाड़ 69 दिनों बाद जेल से बाहर, 2002 गुजरात मामले में लगा है गंभीर आरोप

सुप्रीम कोर्ट की ओर से अंतरिम जमानत मंजूर किए जाने के एक दिन बाद सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया. शीर्ष अदालत ने 2002 के गुजरात दंगों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए सबूत गढ़ने के आरोप में गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम जमानत शुक्रवार को मंजूर कर ली थी.

### 26 जून को तीस्ता को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

तीस्ता सीतलवाड़ 26 जून को गिरफ्तारी के बाद से ही यहां साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद थीं. उच्चतम न्यायालय के



आदेश के अनुसार जमानत की औपचारिकताओं के लिए सीतलवाड़ को सत्र न्यायाधीश वी ए राणा के समक्ष पेश किया गया था. विशेष लोक अभियोजक अमित पटेल ने कहा, सत्र अदालत ने शीर्ष अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों के अलावा दो अन्य शर्तें भी लगाईं. सत्र अदालत ने आरोपी सीतलवाड़ को 25,000 रुपये का निजी मुचलका भरने और उसकी पूर्व अनुमति के बिना भारत नहीं छोड़ने का आदेश दिया.

### क्या है तीस्ता सीतलवाड़ पर आरोप

मालूम हो 27 फरवरी 2002 को गोधरा के निकट साबरमती एक्सप्रेस का एक कोच जलाये जाने की घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 कारसेवक मारे गये थे, जिसके बाद गुजरात में दंगे फैल गये थे. अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने 30 जुलाई को इस मामले में सीतलवाड़ और गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उनकी रिहाई से गलत काम करने वालों को संदेश जाएगा कि एक व्यक्ति आरोप भी लगा सकता है और उसका दोष माफ भी किया जा सकता है. सीतलवाड़ और श्रीकुमार पर गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए सबूत गढ़ने का आरोप लगाया गया है.

### तीस्ता सीतलवाड़ सहित तीन लोगों को किया गया गिरफ्तार

तीस्ता सीतलवाड़ सहित इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. श्रीकुमार पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट इस मामले में आरोपी हैं. भारतीय दंड संहिता की धारा 468 (धोखाधड़ी के लिए जालसाजी) और 194 (फांसी की सजा वाले अपराधों के लिए सजा हासिल करने के इरादे से झूठे सबूत गढ़ना) के तहत उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जून में अहमदाबाद शहर की अपराध शाखा द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया था. शीर्ष अदालत द्वारा जाफरी की याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही दिनों के भीतर मुंबई के सीतलवाड़ और श्रीकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था.

# तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा जश्न, तेलंगाना सरकार का फैसला

तेलंगाना सरकार ने 16, 17 और 18 सितंबर को राष्ट्रीय एकीकरण दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है. बता दें कि पहले भारत सरकार ने हैदराबाद स्टेट लिबरेशन के 75 साल पूरे होने का जश्न श्हैदराबाद मुक्ति दिवसश के रूप में मनाने का फैसला किया था. बीजेपी तेलंगाना ने केंद्र सरकार से मांग की थी कि 17 सितंबर 1948 को तेलंगाना तत्कालीन हैदराबाद पुनः भारत में विलय हो गया था. इसलिए हैदराबाद स्टेट लिबरेशन के 75 साल पूरे होने पर हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में जश्न मनाया जाना चाहिए. जिसे भारत सरकार ने स्वीकार कर 17 सितंबर से साल भर चलने वाले समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था. अब तेलंगाना सरकार ने इस जश्न को श्तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवसश के रूप में मनाने का फैसला लिया है.

### असदुद्दीन ओवैसी ने की थी मांग

तेलंगाना सरकार के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 16 से 18 सितंबर तक राज्यभर में तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा. सूत्रों कि मानें तो असदुद्दीन ओवैसी द्वारा राज्य और केंद्र से 17 सितंबर को श्हैदराबाद मुक्ति दिवसश के बजाय श्राष्ट्रीय एकता दिवसश के रूप में मनाने की मांग के बाद आया है. बता दें कि केंद्र सरकार की घोषणा के कुछ घंटो बाद ही उन्होने यह दावा किया था कि केंद्र सरकार को पत्र लिखकर उन्होने यह मांग की थी कि 17 सितंबर को हैदराबाद मुक्ति दिवस की जगह 'राष्ट्रीय एकता दिवस' नाम से समारोह मनाया जाना चाहिए.

### 'ऑपरेशन पोलो' चलाकर फिर से भारत में विलय हुआ था हैदराबाद

बता दें कि 17 सितंबर 1948 से पहले हैदराबाद राज्य निजाम शासन के अधीन हुआ करता था. जिसे बाद पुलिस ने भारत में इसका विलय कराने के लिए एक ऑपरेशन चलाया था. 'ऑपरेशन पोलो' के नाम से चलाए गए

इस अभियान के भारत आखिरकार 17 सितंबर 1948 को तत्कालीन हैदराबाद का भारत में फिर से विलय संभव हो पाया था. ऐसे में राजी और केंद्र सरकार के द्वारा इस दिन को समारोह के तौर पर मनाने पर सहमति बनी थी. अब 16 से 18 सितंबर तक यह समारोह श्तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवसश के तौर पर मनाया जाना तय हुआ है.



# किश्तवाड़ पुलिस ने पाकिस्तानी जासूस को दबोचा, सेना से जुड़ी जानकारी साझा करने का आरोप

जम्मू–कश्मीर की किश्तवार पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार पाकिस्तानी जासूस पर भारतीय सेना से संबंधित जानकारी साझा करने का आरोप है. जम्मू–कश्मीर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए शख्स की पहचान अब्दुल वाहिद के तौर पर हुई है, जो पाक स्थित एक खुफिया एजेंसी के एजेंट के रूप में काम कर रहा था.

### पाक स्थित आकाओं को भेजता था गोपनीय जानकारी

पुलिस ने बताया कि वह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाक स्थित आकाओं को विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठानों और सुरक्षा बलों के बारे में गुप्त जानकारी प्रदान करता है. जम्मू–कश्मीर पुलिस ने कहा कि इस सूचना पर थाना किश्तवाड़ में मामला दर्ज किया गया है और इस मामले में जांच की जा रही है. इसके अलावा, उक्त व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है. उसने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. पुलिस ने बताया कि निकट भविष्य में कुछ और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है.

### मदरसे में पढ़ाता है अब्दुल वाहिद!

बताया जा रहा है कि अब्दुल वाहिद कश्मीरी जांबाज फोर्स के लिए काम करता है और भारतीय सेना से संबंधित जानकारी को पाकिस्तान पहुंचाता है. 22 साल का यह मौलवी एक मदरसे में पढ़ाता है. इससे पहले पिछले महीने अब्दुल वाहिद को किश्तवार पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया था. इस दौरान इस मौलवी ने तमाम जानकारियां पुलिस से साझा की थी. वाहिद ने कहा था कि उसने दिसंबर 2020 में वह फेसबुक पर तैयाब फारूकी उर्फ उमर खताब से जुड़ा. खताब खुद को कश्मीर जांबाज फोर्स का कमांडर बताता है. खताब से दोस्ती के बाद



वाहिद ने कश्मीर जांबाज फोर्स से संबंधित फोटो और कंटेंट फेसबुक पर साझा करने लगा.

# नालों से गंगा व पांडु नदी में गंदगी जाने पर नगर निगम पर 70 लाख का जुर्माना

कानपुर । नालों के माध्यम से गंगा और पांडु नदी में गंदगी जाने पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर निगम के खिलाफ 70 रुपये जुर्माने की संस्तुति की है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 3 महीने से गंगा और पांडु नदी में गिर रहे नालों की निगरानी कर रहा है। जांच में पता चला कि 6 नालों को न तो टैप किया गया और न ही इनमें बायोरेमेडिएशन विधि से गंदा पानी शोधित किया गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने प्रति नाला प्रति माह के हिसाब से पांच–पांच लाख रुपये जुर्माने की संस्तुति की है। दो महीने से रानी घाट गंगा में गिरने पर 10 लाख रुपये जुर्माने की संस्तुति की गई है।

इसी तरह बुढ़िया घाट व शीतला बाजार नाला तीन महीने से गंगा में गिरने पर 15 –15 लाख, आईसीआई, पनकी थर्मल और रतनपुर नाला पांडु नदी में गिरने पर 10–10 लाख रुपये जुर्माने की संस्तुति की है।



# यूपीसीए की मनमानी के खिलाफ मंत्री से शिकायत

## क्रिकेट प्लेयर्स एसोसिएशन ने खेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन



कानपुर । उप्र क्रिकेट एसोसिएशन पर मनमानी और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। क्रिकेट प्लेयर्स एसोसिएशन अरविंद सिंह ने प्रदेश के कई जिलों के खिलाड़ियों के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया है। खेल और युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव से मिलकर शिकायत की है कि यूपी के 35 जिलों को अब तक यूपीसीए ने मान्यता नहीं दी है। खेल मंत्री ने एसोसिएशन को न्याय दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है। एसोसिएशन के अरविन्द ने गिरीश चंद्र यादवको यूपीसीए की गलत नीतियों के बारे में बताया। आरोप लगाया कि यूपी के क्रिकेटरों के बजाय बाहरी क्रिकेटर को टीम में शामिल किया जा रहा है। प्रदेश के 75 जिलों में से सिर्फ 40 जिलों के खिलाड़ियों को यूपीसीए मान्यता देता है। बाकी 35 जिलों के खिलाड़ियों मान्यता वाले जिलों की टीम में भेजा जाता है। जहां उनके साथ चयन को लेकर सौतेला व्यवहार होता है। आरोप है कि यूपी टीम का चयन में स्कोरिंग ऑनलाइन नहीं कराई जाती है। इससे मानकों के हिसाब से खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं किया जाता है। बाकी प्रदेशों में ऑनलाइन स्कोरिंग की व्यवस्था होने से प्रदेश भर के खिलाड़ियों मैच का प्रदर्शन सभी जान पाते हैं कि बेहतर खिलाडी कौन हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित लोढा कमेटी के नियम के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। जिसके मुताबिक कोई भी पदाधिकारी 70 साल से ऊपर का नही रह सकता है। इसी तरह अर्द्धसरकारी कर्मचारी या किसी कंपनी में पदाधिकारी संघ में नहीं रह सकता है। इन नियमों को दरकिनार करके संघ में उपाध्यक्ष श्याम बाबू है। उनकी उम्र 74 साल है। इसी तरह जावेद खान उम्र 74, जीएन तिवारी 73 साल जैसे लोगों को यूपीसीए ने पद दिया है।

# प्रशासन का बड़ा फैसला, अब ड्रोन से पकड़ी जाएंगी अवैध टेनरियां

कानपुर । जाजमऊ क्षेत्र के घरों में अवैध रूप से चल रही टेनरियां आसपास से गुजरने वाले विमानों के लिए खतरा बनी हुई हैं। यहां होने वाले चमड़े के कारोबार से बड़ी संख्या में आसमान में पक्षी उड़ते रहते हैं। यह समस्या पिछले पांच वर्ष से अधिक समय से बनी हुई है, हर बार जब भी यह दिक्कत आती है तो जिला प्रशासन संबंधित विभागों की बैठक बुलाकर योजना बनाता है, लेकिन अवैध टेनरियां हटा नहीं पाता है। शुक्रवार को एक बार फिर से बैठक बुलाकर चार टीमों के माध्यम से सर्वे कराने का फैसला लिया गया है। इतना जरूर है कि इस बार इस पूरे क्षेत्र का ड्रोन सर्वे कराने का फैसला लिया गया है। इससे यह पता चल सकेगा कि यहां किन–किन स्थानों पर अवैध तरीके से टेनरियां संचालित हैं। नियमानुसार एयरफोर्स की सीमा रेखा के 200 मीटर के दायरे में किसी भी तरह का निर्माण प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यहां बड़ी संख्या में लोगों ने घर बना लिए हैं। इन्हीं घरों के बीच में चमड़े का कारोबार भी किया जा रहा है। टेनरियां होने की वजह से चमड़े के टुकड़े पूरे क्षेत्र में पड़े रहते हैं, उनको खाने के लिए यहां बड़ी संख्या में पक्षी आते हैं। जो विमानों के लिए खतरे का सबब बनते हैं।



# स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम आयोजित कर पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को किया जागरूक




कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र में स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन और गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से सवाल भी पूछे। तहसील क्षेत्र के पतारा ब्लॉक अंतर्गत जहांगीराबाद गांव स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र वा छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद घाटमपुर थाना की महिला हेल्प डेस्क इंचार्ज सुनीता यादव ने छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया। कहा कि यदि रास्ते में कोई उन्हें आने–जाने में परेशान करता हो तो वह वूमेन पॉवर 1090 पर फोनकर उसकी जानकारी दे सकती है। ताकि पुलिस शोहदों पर कार्रवाई कर सके। पतारा चौकी इंचार्ज विनीत मिश्रा ने छात्राओं को बताया कि अब महिलाएं लड़कों से कम नहीं हैं। आज महिलाएं भी हवाई जहाज उड़ा रही है। अगर छात्राएं चाहे तो वह अफसर बन सकती है। मामले में महिला हेल्प डेस्क इंचार्ज सुनीता यादव ने बताया कि छात्राओं को महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। इस दौरान यहां पर एसआई मनसुख सिंह, कांस्टेबल राहुल सिंह समेत प्रधानाध्यापिका सुनीता यादव मौजूद रही।

# मंडलायुक्त ने केसीटीसीएल के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## कानपुर कों मिलेंगी नई 250 नगर बसें

कानपुर । केसीटीसीएल बसों की संख्या बढ़ा कर 750 करेगा। वर्तमान में महानगर में सिर्फ 234 बसे ही है। पहले चरण में 250 बसों की मांग की गई है। कमिश्नर कानपुर राजशेखर ने केसीटीसीएल के अधिकारियों के साथ अगस्त माह की समीक्षा बैठक की। अगले तीन महीने में नई तकनीकी वाला कंबाइंड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। शहर में पिछले साल की तुलना में नगर बसों में यात्रिओं की संख्या बढ़ी है। पिछले वर्ष अगस्त 2021 की तुलना में 33 हजार अधिक यात्रियों की संख्या बढ़ी है। जिसके चलते 10 लाख रूपये अधिक कमाई हुई है। वर्तमान में कानपुर नगर परिवहन निगम के पास मात्र एक तिहाई ही बसें उपलब्ध है। बढ़ती आबादी और शहर के दायरे कों देखते हुए 750 बसों की जरूरत है। जबकि शहर में कुल 234 बसे ही है। जिनमें से 149 सीएनजी बसें और 85 इलेक्ट्रिक बसें है। यह संख्या यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या कों देखते हुए कानपुर में कम से कम 750 सिटी बसें होनी चाहिए। इसके लिए पहले चरण में 250 बसों की मांग शासन से की गई है। मंडलायुक्त राजशेखर ने बताया कि इस वर्ष और अगले वर्ष की शुरुआत में अतिरिक्त बसों कि मांग कि गई है। जिनमें 150 सीएनजी बसें और 100 ई–बसों का प्रस्ताव भेजा गया है।

पहले चरण में 250 बस मिलने से कानपुर वासियों कों बड़ी राहत मिलेगी। राजशेखर ने बताया कि सिटी बसों के लिए कम्बाइंड कंट्रोल रूम (सीसीआर) बनाया जायेगा। जिसमें कॉल सेंटर, सहायता केंद्र और बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम रहेगा। इसी के साथ पैनिक बटन रिस्पांस और पर्फॉर्मेन्स पुनर्मूल्यांकन प्रणाली रहेंगी। इसके लिए अगले 15 दिनों में तैयार किया जाएगा।



# एडीएम एफआर व एडीशनल एसपी ने पतारा ब्लॉक में सभागार कक्ष का किया निरीक्षण

## ब्लश्वक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मामले में 6 सितंबर को होगी बीडीसी सदस्यों की बैठक



कानपुर । एडीएम एफआर व एडीशनल एसपी शनिवार को घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा ब्लॉक पहुंचे। इस दौरान सभागार कक्ष का निरीक्षण किया। बीते दिनों बीडीसी सदस्यों ने कानपुर जिलाधिकारी को ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था। इसके बाद जिलाधिकारी ने ब्लॉक प्रमुख को नोटिस भेजने के साथ ही बैठक की तारीख निर्धारित की थी। शनिवार दोपहर पतारा ब्लॉक पहुंचे एडीएम एफआर राजेश कुमार और एडिशनल एसपी विजेन्द्र दिवेदी ने ब्लॉक परिसर स्थित सभागार कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम एफआर राजेश कुमार ने मौजूद बीडीओ प्रवीन शुक्ला व एडीओ पंचायत आदित्य कुमार शुक्ला से ब्लॉक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्हें आगामी 6 तारीख को होने वाली बैठक में सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए ब्लॉक के पीक प्वाइंट की पुलिस को जानकारी देने को कहा। एडिशनल एसपी विजेन्द्र दिवेदी ने सीओ तेजबहादुर सिंह व घाटमपुर थानाध्यक्ष रामबाबू को ब्लॉक के आसपास बेरिकेडिंग कराने के लिए कहा। पतारा कस्बा स्थित ब्लॉक मुख्यालय के पास कानपुर –सागर राष्ट्रीय राजमार्ग से पुलिस चौकी रोड पर बेरिकेडिंग रहेगी। कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास बेरिकेडिंग रहेगी। बेरिकेडिंग पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहेगा। 6 सितंबर को पुलिस चौकी रोड पर यातायात पूरी तरह से सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इमरजेंसी वाहन ही आ–जा सकेंगे। सीओ घाटमपुर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के साथ पीएसी की मौजूद रहेगी।

# बुढ़वा मंगल पर सुरक्षा को लेकर तैयारियां शुरू

## पनकी मंदिर में सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी

कानपुर । डीएम और पुलिस कमिश्नर ने मंदिर के महंतों के साथ पुलिस लाइन में बैठक की। बुढ़वा मंगल की तैयारियों को लेकर चर्चा की। 6 सितंबर को बुढ़वा मंगल है। सुरक्षा, बिजली, सड़क और साफ–सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। इससे कि मंदिर में आने वाली भीड़ को किसी भी तरह की परेशानी न हो। पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी में बुढ़वा मंगल को काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने कहा, मंदिर में चले आ रहे पुराने विवादों को लेकर किसी तरह का झगड़ा नहीं होना चाहिए। पहले की तरह इस बार भी सभी इंतजाम रहेंगे। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। डीएम विशाख ने कहा, नगर निगम सभी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने और स्थानीय दुकानदारों का सहयोग लेते हुए दुकान के आसपास सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कहा। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनन्द प्रकाश तिवारी ने कहा, मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए चारो ओर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। ड्रोन से भी निगरानी होगी। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम बेहतर होना चाहिए। जिससे भीड़ और व्यवस्थापकों के बीच सीधा संवाद हो सके। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने कहा, व्यवस्था को बनाने के लिए सिविल डिफेंस के वालंटियर लगाए जाएंगे। मंदिर के भी वॉलिंटियर्स जगह–जगह तैनात रहेंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुढ़वा मंगल सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कराया जाएगा। नगर निगम को स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है, क्योंकि मंदिर में देर रात से ही भीड़ जुटना शुरू हो जाती है। अगर फाल्ट के चलते लाइट जाती भी है, तो वैकल्पिक व्यवस्था जनरेटर होगा। लाइट जाते ही जनरेटर से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को जगमग किया जाएगा।



## श्री राम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बाजपेई को व्यापार मंडल घंटाघर सूतर खाना का अध्यक्ष बनाया गया

कानपुर घंटाघर स्थिति श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर भक्तों के परिवार द्वारा दीपदान व भंडारे का आयोजन किया गया तथा हरबंस मोहाल थाना प्रभारी अरुण सिंह व भानु प्रताप त्रिपाठी का श्री गणेश मंदिर परिवार द्वारा सम्मान किया गया दिनेश गुप्ता (ननकू) व सूतर खाना घंटाघर व्यापार मंडल के एवं श्री राम सेवा समिति प्रदेश अध्यक्ष मनोज बाजपेई ने सम्मानित किया गया

# जहरीले सर्प के काटने से महिला की हुई मौत

उरई–(जालौन)–कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोहा में जहरीले सर्प के काटने से एक महिला की मौत हो गयी प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोहा में बीती रात महिला अपने घर के ऊपर छत पर बने कमरे में बेड पर सो रही थी तभी किसी जहरीले सर्प ने गले के पास काटने से रूबी कुशवाहा पत्नी दीपक कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष की जहरीले सर्प के काटने से वह चिल्लाई तो परिजन आ गए तो महिला ने परिजनों को बताया कि हम रात में करीब 12 बजे सो रहे थे तो अचानक किसी जहरीले सर्प ने गले के पास काट लिया तो परिजन आनन फानन में परिवारी जन महिला को जालौन के सरकारी अस्पताल ले गए वहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए उसे उरई के लिए रेफर कर दिया वहीं उरई में महिला की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी के लिए रेफर कर दिया और झांसी जाते बक्त रास्ते में महिला की मौत हो गई इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल वही महिला के दो बच्चे हैं सुबह लेखपाल को सूचना दी गई तो मौके पर लेखपाल चन्द्रशेखर शर्मा ने रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी है।।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु एन्टीरोमियों टीम द्वारा चलाया गया अभियान

'हमीरपुर'– जनपद के समस्त थानों की पुलिस ने गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन–शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड, बाजार, सार्वजनिक एवं भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/एण्टी रोमियों टीम व उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं व बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता हेतु महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों व शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई।

# खेत में मिला लापता किसान का शव

## जेब में आधार कार्ड और 19 हजार रुपये मिले

इटावा । जिले के भरथना में लापता चल रहे किसान का शव शनिवार सुबह ज्ञानपुर गांव के पास खेत में मिला। एसपी देहात सत्यपाल सिंह ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटना स्थल पर जांच कराई। परिजनों ने लेनदेन के विवाद में हत्या का आरोप लगाया है। जसवंतनगर थाना क्षेत्र के निलोई गांव निवासी महावीर उर्फ गोरे लाल ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली की उसके छोटे भाई श्याम बाबू (45) का शव भरथना के ज्ञानपुर गांव के पास खेतों में मिला है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नही मिले हैं। वह शराब का नशा करता था। सभी पहलुओं पर जांच–पड़ताल की जा रही है। मृतक की पेंट की जेब से 19 हजार रुपये और आधार कार्ड मिला है। महावीर ने भरथना कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि भाई श्याम बाबू की शादी के बाद ही उसकी पत्नी छोड़ कर चली गई थी और उसकी कोई औलाद नहीं है। सवा माह पहले भाई लापता हो गया था। तब से उसकी तलाश की जा रही थी। 30 अगस्त को भाई ने गांव की ही एक महिला को 13 लाख रुपये में अपने हिस्से की ढाई बीघा जमीन बेची थी। पैसे के लेनदेन



में भाई की हत्या की गई है।

# घर के आंगन में किशोरी पर हुआ हमला

## अज्ञात हमलावर ने मारी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती


कन्नौज । जिले में घर के आंगन में मौजूद किशोरी को अज्ञात हमलावर ने दोपहर को गोली मार दी। छोटे भाई ने पड़ोसियों की मदद से जिला अस्पताल में बहन को भर्ती कराया। हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। सदर कोतवाली के गांव डहलेपुर निवासी किसान नरसिंह अपनी पत्नी के साथ शनिवार सुबह मेला देखने गया था। जबकि 12 वर्षीय बेटा प्रांशू कन्नौज शहर चला आया था। घर में किसान की 17 वर्षीय बेटी अरुणा थी। दोपहर करीब दो बजे अज्ञात हमलावर ने उसे गोली मार दी।इससे वह घायल होकर आंगन में गिर गई। शहर से पहुंचे भाई प्रांशू ने आंगन में खून से लथपथ अरुणा को देखकर पड़ोसियों को जानकारी दी। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि किशोरी के पीठ में गोली लगी है।

हालत गंभीर देखकर कानपुर रेफर कर दिया गया है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। घटनास्थल की जांच पड़ताल करके आस पास के लोगों से पूछताछ की गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



# बाइकों की भिड़ंत में सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

औरैया । जिले में मुरादगंज–अयाना मार्ग पर नगला रामपुर डड़वारी मोड़ पर दो बाइकों की भिड़ंत में सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अयाना कस्बा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भूरे सिंह सेंगर (70) पुत्र स्व. विशुन सिंह सेंगर शनिवार सुबह मुरादगंज बाजार करने के लिए गए थे। वापस लौटते वक्त वह नगला रामपुर डड़वारी मोड़ पर अपने खेतों के लिए मुड़ने लगे तभी मुरादगंज की ही तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। वहीं बाइक सवार युवक मौके पर बाइक छोड़कर भाग





निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी अयाना में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भूरे सिंह की मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सीएचसी पहुंची पत्नी गायत्री देवी, बेटे अवधेष व प्रदीप का रो–रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष भागीरथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर बाइकों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने दो ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़ा

## 7 लाख के सोने–चांदी के जेवर और 50 हजार की नगदी चोरी

उन्नाव । दो ज्वैलर्स की दुकानों की चोरों ने ताला तोड़ दिया। आहट होने पर एक दुकान को छोड़कर चोर भाग निकले। वहीं, दूसरी दुकान से ताला तोड़कर अंदर रखे सोने–चांदी के जेवर, नकदी समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। चोरी की जानकारी आसपास के लोगों ने ज्वैलर्स को दी। पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। शुक्लागंज के मूलचंद्र निषाद की राजधानी मार्ग पर नेहरू नगर में कशिश ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात चोरों ने उनकी दुकान का ताला



तोड़कर काउंटर से सात लाख के सोने–चांदी के जेवर और 50 हजार की नकदी चोरी कर ली। शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने ताला टूटा देखा तो मूलचंद्र को सूचना दी। वह दुकान पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। मूलचंद ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वही, राजधानी मार्ग पर ही चोरों ने शिखा ज्वेलर्स की दुकान का भी ताला तोड़ दिया। लेकिन आहट होने पर भाग निकले। इस बावत गंगाघाट कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि चोरी की जांच–पड़ताल की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द चोरों को पकड़ कर माल बरामद किया जाएगा।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने लिया विसर्जन स्थल का जयाजा

## साफ–सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था के लिए किया निर्देशित

उन्नाव । मूर्ति विसर्जन के लिए नगर पालिका की ओर से गगनी खेड़ा फत्तेखेड़ा झील की सफाई की जा रही है। साथ ही बैरिकेडिंग करवाकर प्रकाश की व्यवस्था कराई जा रही है। इसकी जांच करने शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट पहुंचीं। यहां उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही पालिका कर्मियों को दिशा–निर्देश भी दिए। बैराज मार्ग स्थित फत्ते खेड़ा और गगनी खेड़ा झील में शुक्लागंज, कानपुर, उन्नाव, मगरवारा के अलावा दूर–दराज से लोग गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिये आते हैं। इस बार गंगा में बाढ़ न आने के कारण झील में पानी नहीं पहुंचा। इससे झील जलकुंभी से पटी हुई है। पालिका प्रशासन की ओर से दो दिनों से साफ कराने का कार्य चल रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट विजेता पालिका ईओ नरेंद्र मोहन मिश्रा ओर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के साथ शनिवार को गगनी खेड़ा विसर्जन स्थल पहुंचीं। यहां उन्होंने पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पालिका कर्मियों को लाइटिंग, साफ–सफाई, बैरिकेडिंग आदि के निर्देश दिए। गणेश महोत्सव को लेकर नगर समेत उन्नाव शहर में अलग–अलग स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। इन प्रतिमाओं का विसर्जन गंगा घाट की गगनी खेड़ा झील



में होना है। बताया जा रहा है कि आगामी 10 सितंबर तक बड़े पैमाने पर मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 17 शिकायतें, 2 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

हमीरपुर । जनपद के मौदहा में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान केवल 17 फरियादी ही अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें से केवल 2 का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सबसे अधिक शिकायतें भू राजस्व और पुलिस विभाग की रहीं। कई मामलों में पीड़ित दोबारा फरियाद लेकर पहुंचे थे। महीने के पहले शनिवार पर एसडीएम सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुबह से ही



फरियादियों की संख्या कम रही। बार–बार समाधान दिवस और थाना दिवस में शिकायतें लेकर पहुंचने पर भी लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। फरियाद लेकर आए लोगों ने बताया कि जब समस्याओं का सही तरीके से निपटारा ही नहीं होता है तो फिर ऐसे दिवसों में आने का औचित्य क्या है। 17 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष शिकायतें गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

एक शिकायत मदरसे की जांच नहीं होने को लेकर की गई थी। इसके अलावा अधिकांश शिकायतें बिजली, पानी, राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित थीं।

# 8105 मृत और आयकर दाता किसान ले रहे सम्मान निधि

## 660 अपात्र लोगों से की गई 34.79 लाख रुपए की रिकवरी

हमीरपुर । कमजोर तबके के लोगों को सहारा देने के लिए सरकार योजनाएं बनाती है। लेकिन अपात्र लोग भ्रष्टाचार करके योजनाओं का लाभ लेने लगते हैं। हमीरपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जांच में भारी अनियमितता मिली है। अब तक की जांच में 8,105 ऐसे किसान मिले हैं जो या तो मर चुके हैं या बहुत से ऐसे हैं जो आयकरदाता हैं। इनमें से 660 किसानों से 34. 79 लाख की रिकवरी भी की जा चुकी है। हमीरपुर में किसानों की संख्या सवा दो लाख है। इसमें से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 1.87 लाख किसानों का चयन किया गया था। इसमें लघु सीमांत किसानों की संख्या 1. 43 लाख है। किसान सम्मान निधि योजना की अब तक 11 किस्तें किसानों के खातों में भेजी जा चुकी हैं। जनपद में अब तक इस योजना के तहत 348.210 करोड़ की धनराशि खर्च हुई है। जब अपात्र किसानों की लोगों ने शिकायतें करनी शुरू की तो कृषि विभाग ने इसकी जांच कराई। जांच में जो कुछ सामने आया उससे विभाग के भी होश उड़ गए।

मृतक से लेकर आयकर दाता किसान इस योजना का लाभ ले रहे थे। उप निदेशक कृषि प्रसार हरिशंकर भार्गव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में जांच–पड़ताल के बाद अपात्र मिले 8,105 लाभार्थियों में से अब तक कृषि विभाग ने 660 किसानों से 34.79



लाख रुपए की रिकवरी की है। जांच में साढ़े चार हजार से अधिक किसानों की मौत की पुष्टि हुई है। जबकि डेढ़ हजार से अधिक किसान आयकर दाता होते हुए भी योजना का लाभ ले रहे थे। मौजूदा समय में जनपद में इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या एक लाख के अंदर आ चुकी है, लेकिन जब योजना की पहली किस्त जारी हुई थी तब किसानों की संख्या पौने दो लाख के आसपास थी।

# बाइक-साइकिल की टक्कर में 3 लोग घायल, एसपी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

औरैया । जनपद के दिबियापुर मार्ग पर कलेक्ट्रेट मुख्यालय के पहले बाइक और साइकिल की भिड़ंत में 3 लोग घायल हो गए। घायलों में एक बुजुर्ग को चोट ज्यादा लगी थी, जबकि बाइक सवार युवक और 3 साल के मासूम को भी चोट आयी थी। तीनों सड़क पर तड़प रहें थे। राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया लेकिन एम्बुलेंस आने में देरी थी। उसी वक्त औरैया सदर कोतवाल मुकेश चौहान अपनी गाड़ी से निकले। ड्राइवर ने भीड़ देख ब्रेक लगाया लेकिन घायलों को



देख औरैया कोतवाल ने गाड़ी आगे बढ़ाने का इशारा किया और निकल गए। औरैया पुलिस अधीक्षक चारु निगम भी महज तीन मिनट बाद उसी रास्ते से निकलीं। भीड़ लगी देखकर गाडी रुकवाई। उन्होंने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। साथ चल रहे पुलिस कर्मियों ने घायल को एक ऑटो से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। औरैया एसपी की मौके से निकल रहे राहगीरों ने मानवता की तारीफ़ की। जबकि औरैया कोतवाल की संवेदनहीनता पर चर्चा करते दिखे।

# नेशनल हाइवे पर पलटी अनियंत्रित कार, हादसे में दस कार सवारों में चार घायल एक नाजुक

कानपुर । नरवल तहसील क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार पलटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची महाराजपुर पुलिस ने घायलों को सरसौल सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं एक की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सरसौल स्थित हरि लान गेस्ट हाउस दूरी पर एनएच–2 पर कानपुर से फतेहपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार की रफ्तार ज्यादा होने की वजह से कार ने कई बार पलटी खाई। हादसे में कार में सवार दस लोग बुरी तरह फंस गए। जिसके बाद आसपास के लोगों ने जैसे तैसे कर उन्हें बाहर निकाला और आनन–फानन में सरसौल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया। वहीं एक युवक की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने हैलट के लिए रेफर कर दिया । महाराजपुर पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12 बजे कानपुर से फतेहपुर की तरफ जा रही जायलो कार यूपी अज्ञात कारण से हरि लॉन गेस्ट हाउस सरसौल के सामने पलट गई। कार में बैठी रुबीना खातून पति फैयाज अली निवासी कासिम नगर उन्नाव उम्र 30 वर्ष इनके चार बच्चे जुनैद, जारा, इकरा, खुशी और वसीम पति अजीम खान निवासी बिंदकी फतेहपुर उम्र 50 वर्ष और इखलाक निवासी उन्नाव इनका बच्चा अलजना पुत्री इखलाक व इयास पुत्र नवाब खां निवासी उन्नाव काशीनगर उम्र 60 वर्ष गाड़ी में सवार थे। घटना में चार लोग घायल हो गए जिसमें तीन लोगों



को मामूली चोटें आई तो वहीं एक कि हालत गम्भीर देखते हुए हैलट कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

# एसडीएम और सीओ ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया सम्मानित’

हमीरपुर’– लगातार सातवीं बार जिला स्तरीय हाकी चौम्पियनशिप जीतने वाली रायल स्पोर्ट्स एकेडमी को खेल दिवस के मौके पर एसडीएम और क्षेत्राधिकारी ने सम्मानित कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। मौदहा कस्बे के रहमानिया खेल ग्राऊंड को अपना होम ग्राउंड बनाकर प्रैक्टिस शुरू करने वाली टीम रायल स्पोर्ट्स एकेडमी ने जिला स्तरीय हाकी प्रतियोगिता में लगातार सातवीं बार चौम्पियनशिप पर कब्जा करने में कामयाबी हासिल की है।हाकी टीम की इस सफलता को लेकर एसडीएम सुरेंद्र कुमार और क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने रहमानिया खेल ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया इस दौरान टीम के मैनेजर सगीर भाई उर्फ सग्गन,कोच हामिद हुसैन पूर्व हाकी कोच साईं रजा,अनीस, कुतुबुद्दीन जुम्मू सभासद, बीतू बादशाह, गुलाम, सभासद फरीद बाबा सहित तमाम समाजसेवी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।